RETHINK EDUCATION
North Carolina Department of Public Instruction

# परिवारों के लिए घर में उपयोग करने की एक मार्गदर्शिका

नॉर्थ कैरोलीना पब्लिक स्कूल में छठवीं कक्षा सामाजिक अध्ययन

## पाठ्यक्रम की रूपरेखा

**पाठ्यक्रम की समाप्ति पर, मेरा बच्चा यह सीख जाएगा...**




- दमदार प्रश्न बनाने का तरीका
- प्राथमिक और द्वितीयक स्रोतों के परीक्षण का तरीका
- प्राथमिक और द्वितीयक स्रोतों की तुलना और भेद करने का तरीका
- प्राथमिक और द्वितीयक स्रोतों का मूल्यांकन करने का तरीका
- प्राथमिक और द्वितीयक स्रोतों का उपयोग करके एकाधिक दावों से तर्क रचने का तरीका
- समर्थक और विरोधी दृष्टिकोणों की प्रतिक्रिया बनाने की तरीका
- किसी स्थान की भौतिक विशेषताओं और मानव अभिलक्षणों की व्याख्या करने का तरीका
- प्रागैतिहास और इतिहास में अंतर परिभाषित करने का तरीका
- उन घटकों के बारे में समझाने का तरीका जिन्होंने एशिया, अफ़्रीका, यूरोप, और अमेरिका में विभिन्न सभ्यताओं तक लोगों, सामान, और विचार के आवागमन को प्रभावित किया
- कैसे और क्यों सभ्यताओं, समाजों, और क्षेत्रों ने उनके पर्यावरण का उपयोग, संशोधन किया, और उनसे अनुकूलित हुए इसकी व्याख्या का तरीका
- समय के साथ की घटनाओं या मुद्दों को समझाने के लिए, चार्ट, ग्राफ़, और ऐतिहासिक विवरण तैयार करने का तरीका
- एशिया, अफ़्रीका, यूरोप, और अमेरिका में सभ्यताओं और समाजों में सरकारी प्रणालियों की संरचनाओं की तुलना करने का तरीका
- प्राचीन विश्व के महान नेतृत्वकर्ताओं के लक्षणों को निर्धारित करने का तरीका
- प्राचीन विश्व में सांस्कृतिक विस्तार की व्याख्या का तरीका
- समाज के विश्वास उस समाज में प्रभुत्व के प्रयोग को कैसे प्रभावित करते हैं, इसकी व्याख्या का तरीका
- एशिया, अफ़्रीका, यूरोप, और अमेरिका में प्रारंभिक सभ्यताओं में सामाजिक संरचना की प्रणालियों की तुलना करने का तरीका
- एशिया, अफ़्रीका, यूरोप, और अमेरिका में सभ्यताएँ विकसित करने में व्यापार मार्गों और आर्थिक नेटवर्कों ने किस प्रकार सहायता की इसकी व्याख्या का तरीका
- वैश्वीकरण को परिभाषित और उसके उदाहरण देने का तरीका
- उन घटकों को निर्धारित करने का तरीका जिनके कारण एशिया, अफ़्रीका, यूरोप, और अमेरिका में प्राचीन सभ्यताओं का उदय और पतन हुआ
- मध्य युग के वर्णन का तरीका


**नॉर्थ कैरोलीना में छठवीं कक्षा सामाजिक अध्ययन के लिए विशिष्ट मानक क्या हैं, इस बारे में जानने के लिए उत्सुक हैं?**






अधिक जानने के लिए, **नॉर्थ कैरोलीना स्टैंडर्ड कोर्स ऑफ़ स्टडी** देखें। इस पाठ्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को क्या करने में सक्षम होना चाहिए, इस बारे में अतिरिक्त स्पष्टीकरण खोज रहे हैं? पाठ्यक्रम मानकों के अनुरूप **NC DPI के खुले हुए सामग्री दस्तावेज़** देखें।

RETHINK EDUCATION
North Carolina Department of Public Instruction


# मुख्य शब्दावली

| दृश्य | शब्द | परिभाषा |
|---|---|---|
|  | ऐतिहासिक विचार | साक्ष्य का उपयोग करके भूतकाल के बारे में प्रश्न पूछने, संसाधन ढूँढने, पढ़ने, लिखने, और प्रश्नों के उत्तर देने की प्रक्रिया |
|  | दमदार प्रश्न | एक बड़ा प्रश्न जिसका कोई विशिष्ट उत्तर न हो |
|   | समर्थक प्रश्न | तथ्यात्मक जानकारी जैसे परिभाषाओं, वर्णनों, या प्रक्रियाओं पर फ़ोकस करें और दमदार प्रश्नों को समझने और उनका उत्तर देने में सहायता करें |
|  | प्राथमिक स्रोत | एक स्रोत जो किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा बनाया गया था जो आपके द्वारा अध्ययन किए गए विषय का साक्षी या अनुभवी हो |
|  | द्वितीयक स्रोत | एक स्रोत जो किसी प्राथमिक स्रोत के बारे में जानकारी देता है |
|  | दावा | तर्क करता है, विश्वास दिलाता है, या कुछ सुझाव देता है |
|  | साक्ष्य | किसी बात के सच होने को सिद्ध करता है |
|  | प्रतिदावा | एक विरोधी दावा |

| दृश्य | शब्द | परिभाषा |
|---|---|---|
|  | विश्वसनीयता | कोई बात विश्वसनीय और भरोसेमंद है या नहीं |
|  | पक्षपात | ऐसा विश्वास जो तथ्यों पर नहीं, बल्कि व्यक्तिगत भावनाओं और विश्वासों पर आधारित है |
|  | दृष्टिकोण | किसी व्यक्ति का विचार या वे किसी विषय या घटना पर क्या महसूस करते हैं |
|  | अनुमान | किसी ऐसी बात के बारे में निष्कर्ष निकालना जो तथ्यों पर आधारित है |
|  | प्रागैतिहास | लेखन के अविष्कार से पहले का समय |
|  | भूगोल | पृथ्वी के स्थानों और लोगों और उनके वातावरण के बीच संबंधों का अध्ययन |
|  | पुरातत्व विज्ञान | पुरावशेष या भौतिक अवशेषों के माध्यम से मानवों का अध्ययन |
|  | स्फानलिपि | संसार का पहला लेखन रूप |
|  | मानव शास्त्र | मानवीय व्यवहार और संस्कृति का अध्ययन |
|  | संस्कृति | लोगों के विभिन्न समूहों के जीवन जीने का तरीका। इसमें मानवों के समूह द्वारा साझा किए गए रीति-रिवाज, विश्वास, और व्यवहार शामिल होते हैं। |
|  | पदक्रम | कोई प्रणाली या संगठन जिसमें लोगों या समूहों को ओहदे या प्रभुत्व के अनुसार एक को दूसरे से ऊपर स्थान दिया जाता है। |

| दृश्य | शब्द | परिभाषा |
|---|---|---|
|  | सामाजिक श्रेणी | किसी समाज में लोगों का सामाजिक और आर्थिक स्थिति पर आधारित विभाजन |
|  | देशज | किसी क्षेत्र के मूल निवासी |
|  | प्रवसन | एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में चले जाना |
|  | प्रेरणा घटक | कारण या घटक जो किसी व्यक्ति को उनके मौजूदा स्थान से दूर प्रवसन के लिए प्रेरित करता है |
|  | खिंचाव घटक | कारण या घटक कि कोई नया स्थान किसी व्यक्ति को प्रवसन के लिए आकर्षित करता है |
|  | सांस्कृतिक विसरण | रीति-रिवाजों, व्यवहारों, और परंपराओं का फैलाव और विलयन |
|  | अर्थशास्त्र | संपत्ति का उत्पादन, उपभोग, और हस्तांतरण। |
|  | व्यापार | सामान और सेवाएँ खरीदने और बेचने का कार्य |
|  | वैश्वीकरण | अपनी अर्थव्यवस्थाओं को बढ़ावा देने हेतु संसाधनों के लिए होड़ कर रहे देश |
|  | दुर्लभता | आवश्यकता या इच्छा की कमी |

RETHINK EDUCATION
North Carolina Department of Public Instruction

| दृश्य | शब्द | परिभाषा |
|---|---|---|
|  | नवाचार | एक नया विचार, उत्पाद या चीज़ों को करने का ढंग |
|  | कृषि क्रान्ति | खेती की तकनीकों में बदलाव जो अधिक भोजन उत्पादित करता है |
|  | एकेश्वरवाद | एक भगवान में विश्वास |
|  | बहु-ईश्वरवाद | कई भगवानों में विश्वास |
|  | मेसोअमेरिका | दक्षिणी उत्तर अमेरिका और अधिकतर मध्य अमेरिका में, एक ऐतिहासिक क्षेत्र और सांस्कृतिक इलाका |
|  | BC/BCE | ईसा मसीह के जन्म से पहले के इतिहास की अवधि को संदर्भित करता है |
|  | AD/CE | ईसा मसीह के जन्म के बाद के इतिहास की अवधि को संदर्भित करता है |
|  | सामंतवाद | एक प्रणाली जिसमें लोग राजाओं और सामंतों को धन देते थे और संरक्षण के बदले में काम करते थे। |

# कार्य के दौरान सीखना: कक्षा स्तर वाले कौशल

## कक्षा स्तर वाले कौशल के उदाहरण

कौशल: अफ़्रीका, एशिया, यूरोप, और अमेरिका में समय के साथ विभिन्न सभ्यताओं और समाजों के भीतर सामाजिक संरचना की प्रणालियों में तुलना करें।
**कार्य:** विद्यार्थी दो सभ्यताओं की सामाजिक संरचनाओं के बीच समानताएँ और अंतर दिखाने के लिए एक वेन आरेख बनाते हैं।

**कौशल:** तुलना करें कि विभिन्न प्रकार की सरकारें सत्ता और प्रभुत्व को कैसे बनाए रखती हैं
**कार्य**: विद्यार्थी, संसार के विभिन्न भागों से 2-3 विभिन्न सरकारों की कानूनी संहिताओं की तुलना करते हैं। फिर विद्यार्थी इसकी तुलना करते हुए एक पैराग्राफ़ लिखते हैं कि सरकारों ने सत्ता और प्रभुत्व बनाए रखने के लिए उनकी कानूनी प्रणाली का उपयोग कैसे किया।

**कौशल:** अफ़्रीका, एशिया, यूरोप, और अमेरिका में विभिन्न सभ्यताओं, साम्राज्यों, और समाजों में सत्ता और प्रभुत्व को आकार देने वाले विश्वासों और प्रथाओं को सारांशित करें।
**कार्य:** शिक्षक विद्यार्थियों को ग्रंथों और छवियों का चयन प्रदान करता है जो दर्शाता है कि कैसे विश्वासों और प्रथाओं ने एक प्राचीन सभ्यता या साम्राज्य की सत्ता और प्रभुत्व को आकार दिया। फिर विद्यार्थी सारांश बनाते हैं कि कैसे विश्वासों और प्रथाओं ने उस सभ्यता या साम्राज्य की सत्ता और प्रभुत्व को आकार दिया।

**कौशल:** अफ़्रीका, एशिया, यूरोप, और अमेरिका की सभ्यताओं और साम्राज्यों में सरकारों और प्रभुत्व के उदय और पतन के कारणों की व्याख्या करें।
**कार्य:** एक सभ्यता, समाज या साम्राज्य कैसे प्रभुत्व में आया और उसका पतन कैसे हुआ, यह समझाने के लिए विद्यार्थी एक कारण/प्रभाव चार्ट को पूरा करते हैं।

**कौशल**: व्याख्या करें कि कैसे नवाचार और तकनीक ने अफ़्रीका, एशिया, यूरोप, और अमेरिका में विभिन्न सभ्यताओं और साम्राज्यों में लोगों के प्रवसन और बसाहट के साथ-साथ सामान और विचारों के प्रवाह को प्रभावित किया।
**कार्य:** विद्यार्थी एक विशिष्ट अविष्कार या नवाचार के लिए विज्ञापन बनाते हैं जिससे एक सभ्यता के भीतर आवागमन और संचार को बेहतर बनाने में मदद मिली। विज्ञापन में सभ्यता के भीतर सामान, लोगों या विचारों की आवाजाही पर आविष्कार के विशिष्ट प्रभावों को उजागर किया जाना चाहिए।

# संसाधन

आपके बच्चे को सीखने में सहयोग करने में आपकी मदद करने के लिए लिंक और ऑनलाइन संसाधन।

- ख़ान अकादमी
- एन्साइक्लोपीडिया ब्रिटैनिका
- डक्स्टर हिस्ट्री फ़ॉर किड्स

# घरेलू कनेक्शन

इस प्रकार के प्रश्न पूछ कर शिक्षण अनुभवों के बारे में वार्तालाप में भाग लें:

- मुझे बताएँ कि आपने क्या नई जानकारी हासिल की है।
- मुझे बताएँ कि यह जानकारी आपको क्या याद दिलाती है।
- मुझे बताएँ कि आपके क्या प्रश्न अब भी हैं।
- मुझे बताएँ कि आपके विचार से इस विषय के बारे में हमें अधिक जानकारी कैसे मिल सकती है।

# अनुमानित चुनौतियाँ

सामाजिक अध्ययन पाठ्यक्रम के दौरान, विद्यार्थी एकाधिक ऐतिहासिक दृष्टिकोणों का मूल्यांकन करने के लिए आवश्यक कौशल विकसित करेंगे और निष्कर्ष निकालेंगे कि प्राचीन सभ्यताओं का उदय, विस्तार और पतन कैसे हुआ। विद्यार्थी प्राथमिक और द्वितीयक स्रोतों के बारे में सीखेंगे, और ऐतिहासिक घटनाओं का विश्लेषण करने के लिए चार्ट और नक्शों का उपयोग करेंगे। संदेश को पूरी तरह से समझने के लिए विद्यार्थियों को स्रोतों को एक बार से अधिक पढ़ने और समीक्षा करने की आवश्यकता हो सकती है। पाठ्य अनुच्छेदों को छोटे-छोटे टुकड़ों में बाँटकर, माता-पिता अपने बच्चों की मदद कर सकते हैं, ताकि पूरा पढ़ने से पहले वे उसे समझ सकें। विद्यार्थियों से उस बारे में समीक्षात्मक रूप से विचार करने और लिखने के लिए भी कहा जाएगा जो वे सीख रहे हैं। अगर वे अटके हुए हैं और निश्चित नहीं हैं कि कैसे प्रतिक्रिया दें, तो उनके विचार को समझने के लिए अपने विद्यार्थी के लेखन को पढ़ें। स्पष्ट करते हुए प्रश्न पूछें जैसे, "यह आपको क्या याद दिलाता है?", "आप यह कैसे जानते हैं?", "आपके पास क्या साक्ष्य हैं?"।

# अपने बच्चे के शिक्षक के साथ बातचीत करना

अब भी रुकावट महसूस कर रहे हैं? अपने बच्चे के शिक्षण को प्रोत्साहन देने के लिए आप क्या कर सकते हैं इसकी चर्चा करने के लिए अपने बच्चे के शिक्षक से संपर्क करें। कुछ प्रश्न जो आपकी चर्चा में मार्गदर्शन कर सकते हैं:

- आप किन संसाधनों का सुझाव देंगे, जिनका उपयोग मैं अपने बच्चे की सहायता करने में करूँ?
- आप मेरे बच्चे को कहाँ संघर्ष करता हुआ देखते हैं? सहायता करने के लिए हम साथ में क्या कर सकते हैं?
- मेरे बच्चे को घर पर क्या अभ्यास करना चाहिए?
- मेरे बच्चे की सीखने में सहायता करने के लिए, हम साथ में कौन-सा सामूहिक संदेश भेज सकते हैं?

**तकनीकी सहायता चाहिए?**

तकनीकी सहायता के लिए, अपने विद्यार्थी के होम स्कूल से संपर्क करें। डिवाइस (PC, Mac, Chromebook, इत्यादि) और ब्राउज़र (Chrome, Firefox, Safari, इत्यादि) के प्रकार शामिल करें।

### संदर्भ

Canva या Google Drawings का उपयोग करके बनाई गई छवियाँ